अनुच्छेद-लेखन

(80–100 शब्दों में)

39. कोरोना महामारी (कोविड-19)

संकेत बिंदु

- महामारी का प्रारंभ
- फैलाव
- सुरक्षात्मक उपाय
- वर्तमान स्थिति

सन् 2020 मानव जीवन में अत्यंत कष्टदायक और जानलेवा रहा। चीन के वुहान शहर से कोरोना महामारी का जीवाणु चला और उसने समस्त विश्व को अपनी चपेट में ले लिया। इसका प्रारंभ जनवरी में ही यूरोप के अधिकांश देशों में हो चुका था। अमेरिका, इटली, फ्रांस, रूस, इंग्लैंड में इसका विकराल रूप देखने

को मिला। फरवरी, 2020 के अंतिम सप्ताह में यह भारत में भी दस्तक दे चुका था। भारत में इसके मरीजों की संख्या एक करोड़ को पार कर गई है। कई लाख व्यक्तियों ने इससे अपनी जान गँवा दी। दिल्ली, मुंबई में भी इसका विकराल रूप देखने को मिला। भारत सरकार ने अत्यंत प्रभावी और सामयिक कदम उठाकर तथा स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार करके इस पर नियंत्रण पाने में सफलता पाई। यद्यपि अभी तक यह संकट पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है, पर इसकी विकारालता अवश्य कम हो गई है। अब तो भारत ने इससे बचाव की वैक्सीन विकसित कर ली है और इसे लोगों को लगाया जा रहा है। आशा है भारत शीघ्र ही कोरोना मुक्त हो जाएगा।